# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
ɔ. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :........................../सम्बद्धता/2020

दिनांक :..........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

## कार्यालय–ज्ञाप

लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य की चयन समितियां वर्तमान में सम्बन्धित महाविद्यालय में सम्पन्न करायी जा रही हैं।

इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय के निर्देशानुसार यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों की चयन समितियां मात्र विश्वविद्यालय के अतिथि गृह (ट्रांजिस्ट हास्टल), लखनऊ विश्वविद्यालय (ओल्ड कैम्पस) में ही सम्पादित करायीं जायें। इसके लिए अतिथि गृह का किराया व अन्य दरें मा0 कार्य परिषद की बैठक दिनांक 28.09.2020 के पूरक मद संख्या : 15 द्वारा निम्नानुसार अनुमोदित की गयी हैं :–

1. डायनिंग हाल, रिसेप्शन काउण्टर, कमरा–01 (ए.सी.), पार्किंग स्थल – रू0 5000/–
2. जलपान हेतु प्रति (चाय–रू0 10, नास्ता–रू0 60/– एवं भोजन–रू0 200/–)।

चयन समिति सम्पन्न होने के उपरान्त अनुमोदन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के साथ चयन समिति के सदस्यों व अभ्यर्थियों के संयुक्त फोटोग्राफ्स संलग्न किये जायेंगे। समस्त सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : Af/19432-36 दिनांक : 11/11/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
3. इंचार्ज, अतिथि गृह (ट्रांजिस्ट हास्टल), ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने व यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
4. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

कुलसचिव